## अपनी संतान से बातचीत करते समय यह महत्वपूर्ण हैं कि आप अपने घर पर बोली जाने वाली भाषा का प्रयोग करें। आपकी संतान अर्थ समझने के बाद अंग्रेज़ी के शब्द सीख सकती हैं।

## रीडिंग (पठन)

अपने बच्चे के साथ किताब खोलकर पढ़ना शुरू करें और उनसे किताब में दी गई सभी तस्वीरों के बारे में पूछें। उन्हें हर पन्ने पर दी गई दिलचस्प चीज़ों पर ध्यान देने के लिए प्रोत्साहित करें। उनसे सवाल पूछें कि क्या हो रहा हैं और यह क्यों हो रहा हैं और ऐसा करने से आप तस्वीरों के पीछे दिए अर्थ को समझने में अपने बच्चे की मदद करेंगे। यह रीडिंग (पठन) का भाग हैं।

जल्द ही आपका बच्चा कहानी में सही समय पर पन्ने पलटने शुरू कर देगा, और वह अलग-अलग शब्दों का प्रयोग करके और इस बारे में बात करके कि क्या हो रहा हैं, ऐसा करेगा। महत्वपूर्ण तौर पर, छोटे बच्चों को माता-पिता, देखरेखकर्ता या परिवार के अन्य सदस्यों के साथ समय बिताना अच्छा लगता हैं और मिलकर पढ़ते हुए वे अपनी रीडिंग (पठन) योग्यताओं का विकास करेंगे।

### अपने बच्चे के साथ नियमित रूप से समय बिताएँ

» लेबल, जंक मेल, सुपरमार्केट और संकेतों पर दी गई तस्वीरों को पढ़कर अपने बच्चे की मदद करें और जब आपका बच्चा किताब उठाकर उसके पन्ने बदले तब भी तस्वीरों को पढ़कर उनकी मदद करें।

» अपने बच्चे के साथ पढ़ने का आनन्द लें, खुद भी किताबें पढ़ने को लेकर उत्साह दिखाएँ। जब आप अपने बच्चे के साथ ऑनलाइन पढ़ने, नक्शों, सूची बनाने के बारे में या यह पता लगाने कि संकेत कुछ महत्वपूर्ण चीज़ों के बारे में आपको जानकारी देने में मदद कैसे करते हैं, इसके बारे में बात करते समय 'रीडिंग' शब्द का प्रयोग करें।




## और अधिक जानकारी

अपनी संतान की लिटरेसी शिक्षा में सहायता कैसे करें, इससे संबंधित और अधिक जानकारी के लिए हमारी वेबसाइट देखें।

**www.education.sa.gov.au/parenting/greatstart**

f EDU.SAGOV



Government of South Australia
Department for Education



# GreatStart

हर रोज़ न्यूमरेसी (अंक-ज्ञान) और लिटरेसी (साक्षरता) सीखना

# लिटेरसी (साक्षरता)



**www.education.sa.gov.au/parenting/greatstart**

उन परिवारों के लिए वेबसाइट जिनके नवजात शिशु से लेकर 5 साल की आयु वाले छोटे बच्चे हैं।

Government of South Australia
Department for Education

# समारोहों, वस्तुओं, लोगों के इशारों, तस्वीरों, कला, फिल्म, शब्दों, ध्वनियों, लेखन, संगीत या नृत्य से अर्थ समझने या निकालने की क्षमता को साक्षरता कहते हैं।

## शिशु

आपका शिशु जन्म से साक्षरता का विकास कर रहा हैं। शिशु देखकर, छूकर ओंर खेलकूद करके दुनिया की खोज करते हुए सीखते हैं। आपका शिशु आपकी आँखों में देखने के द्वारा, चेहरे के हाव-भाव बनाकर ओंर बड़बड़ा कर बातचीत करता हैं। जब आपका शिशु आपके घर में बोले जानी वाली भाषा में शब्द, गाने ओंर कहानियाँ सुनता हैं तो वह शब्दों का अर्थ समझने लगता हैं। शब्दों का उच्चारण करने से कहीं पहले शिशु शब्दों की समझ प्राप्त कर लेता हैं।

### साक्षरता संबंधी शिक्षण को बढ़ावा देने के लिए आप घर पर कई काम कर सकते/सकती हैं।

- बातचीत के तौंर पर अपने शिशु द्वारा निकाली जाने वाली आवाज़ों को दोहराएँ।
- पैंदल सैंर करते हुए चीज़ों की ओर इशारा करें।
- गीतों ओंर संख्याओं से जुड़ी बाल कविताएँ गाएँ ओंर संगीत का आनन्द लें।
- हर रोज़ तस्वीरों वाली किताबें पढ़ने के लिए समय निकालें।
- किताबें अपने शिशु की पहुँच तक रहने दें।
- अपने शिशु को यह दर्शायें कि आप समझते/समझती हैं।
  - शिशु – "डा"
  - आप – "आई सी दि स्टार।"
- क्रियाओं ओंर अहसासों का नाम लें ताकि आपका शिशु शब्दों को इनसे जोड़ सके।
- वर्णन करने वाले शब्दों का प्रयोग करें।
  - शिशु - "बिल्ली"
  - आप – "एक बड़ी, काली बिल्ली।"
- नए शब्दों पर ज़ोर दें। "पुल के नीचे।"
- शिशुओं के लिए आयोजित लाइब्रेरी प्रोग्राम में भाग लें।

#### GreatStart गतिविधि के ओंर अधिक सुझाव

- Dressing your baby
- Splish splash I'm having a bath
- Getting ready for bed
- Feeding baby
- It's windy out there!
- Baby obstacle course



## छोटे बच्चे (2 से 3 साल की आयु)

आपके छोटे बच्चे का दिमाग विकास कर रहा हैं ओंर उन्हें बहुत उत्सुक बना रहा हैं। अपने छोटे बच्चे को अपने आसपास की चीज़ों पर ध्यान देने में मदद दें ओंर ऐसा करने से आप उनके सोच-विचार का समर्थन करेंगे। आपका छोटा बच्चा अपने विचार सांझे करना शुरू करेगा ओंर हो सकता हैं कि वह ड्राइंग करते हुए, कला संबंधी कार्यों का निर्माण करके, डिज़ाइन का निर्माण करके या नाटक करते हुए खेलकूद का आनन्द लेते हुए अपने आप को अभिव्यक्त करने की कोशिश करना शुरु कर सकता हैं। आपका छोटा बच्चा जो सोच रहा हैं उसमें दिलचस्पी दिखाने से उसे बातचीत करने में आत्म-विश्वास का निर्माण करने में मदद मिलेगी।

### साक्षरता संबंधी शिक्षण को बढ़ावा देने के लिए आप घर पर कई काम कर सकते/सकती हैं।

- मिलकर बात करने के लिए समय निकालें।
- बाल गीत गाएँ ('Ring a Ring of Roses', 'Incy, Wincy Spider')
- ऐसे सवालों को बढ़ावा दें जिनका जवाब केवल हाँ या नहीं से अधिक हो। "आपको क्या दिखाई दे रहा हैं?" अपने छोटे बच्चे को जवाब देने के लिए सोचने का समय दें।
- शब्दों के साथ हंसी-मज़ाक करने का आनन्द लें, "See you later alligator."
- अपने छोटे बच्चे को छाती से लगाते हुए हर रोज़ किताबें पढ़ें। किताबों में ऐसी संकेत खोजें जो यह बता सकें कि आगे क्या हो सकता हैं।
- नहाने या सोने के समय उनके खिलौंनों के साथ कहानियाँ बनायें।
- अपने छोटे बच्चे द्वारा iPad या टेलीविज़न पर बिताया जाने वाला समय सीमित करें, बच्चे खेलकूद करते हुए सबसे अच्छी तरह सीखते हैं।
- बाहर की आवाज़ों पर ध्यान दें – जैंसे कि पंछियों, जहाज, पानी, हवा की आवाज़।
- 'संकेतों' पर ध्यान दें जैंसे कि स्टॉप संकेत के लिए 'S'।

#### GreatStart गतिविधि के ओंर अधिक सुझाव

- Movin', Grovin' with rhymes
- Reading together
- Is it bin night?
- Setting the table
- Climbing up, up, up to the sky
- Storytelling stones



## प्रीस्कूलर्स (3 से 5 साल की आयु)

आपकी संतान दूसरों के साथ खेलते हुए आपसे सीखी बातों का प्रयोग कर रही हैं। वे बातचीत करके, कला संबंधी कार्यों का निर्माण करके, निर्माण-कार्य करके, नृत्य ओंर नाटक करते हुए खेलकूद करके अपने सोच-विचार को दर्शा सकते हैं। हो सकता हैं कि वे शब्दों, पुस्तकों, संगीत, संकेतों, नृत्य, कुछ टेक्स्ट या संख्याओं तथा प्रोंद्योगिकी का प्रयोग करके अर्थ निकाल रहे हों। आपकी संतान जो कहना चाहती हैं उसमें दिलचस्पी दिखाने से उसे ओंर अधिक बातचीत करने में मदद मिलेगी!

### साक्षरता संबंधी शिक्षण को बढ़ावा देने के लिए आप घर पर कई काम कर सकते/सकती हैं।

- मिलकर काम करने के लिए समय निकालें। पिकनिक पर जाएँ ओंर चीज़ें इकट्ठी करें, दृश्यों, गन्ध ओंर ध्वनियों पर ध्यान दें।
- याददाश्त के बारे में बात करें... "क्या आपको याद हैं जब..."
- जब आपकी संतान कुछ बना रही हो तो उसकी बात सुनें। उनके द्वारा बनाई जा रही चीज़ का वास्तविक दिखने की बजाए उनकी कल्पना का प्रयोग अधिक महत्वपूर्ण हैं।
- नाटक करते हुए मिलकर खेलें। आपकी संतान माता या पिता बनने का नाटक कर सकती हैं।
- पसंदीदा पुस्तकें बार-बार पढ़ें ताकि आपकी संतान अपनी याददाश्त का प्रयोग करते हुए पढ़ सके।
- अपनी संतान को अपने आसपास संख्या, आकार, स्थिति, दूरी, आकृतियों ओंर चिन्हों पर ध्यान देने में मदद दें, जैंसे कि नक्शे, संकेत, खाद्य-पदार्थों के आकार...
- iPad की उन गतिविधियों का चयन करें जो रचनात्मकता को बढ़ावा देती हों।

#### GreatStart गतिविधि के ओंर अधिक सुझाव

- The paper's here
- But why?
- Making marks
- What does that say?
- How many are in there?
- Make your own books

